# मैनिट भोपाल समाचार कतरन

# MANIT Bhopal News Clippings

An Initiative By

## Central Library

**Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal**

Link Road No 3, Near Kali Mata Mandir

Bhopal, Madhya Pradesh – 462003

/CLMANITB

पत्रिका

Page-1

## मैनिट में नवाचार : ऊर्जा बचाने की पहल

# सौर ऊर्जा से दौड़ेंगी गाड़ियां भोपाल के छात्रों का प्रयोग

उमा प्रजापति
patrika.com

**भोपाल.** प्रदूषण, ईंधन के बढ़ते दाम और इलेक्ट्रिक गाड़ियों की महंगी लागत के बीच मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) ने अनोखा प्रयोग शुरू किया है। इसके तहत गाड़ियां सौर ऊर्जा से चलेंगी। अभी थ्री-व्हीलर वाहनों पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। सोलर पैनल लगने पर लंबे समय तक ईंधन की जरूरत नहीं पड़ेगी। मैनिट के इवोल्व क्लब व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की टीम प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। डीन प्रो. शैलेंद्र जैन ने बताया, यह तकनीक सफल हुई तो परिवहन व ऑटो सेक्टर में क्रांति आ सकती है।



## ऐसे चलेंगी गाड़ियां

- **सोलर पैनल:** गाड़ियों की छत पर सूर्य किरणों को विद्युत ऊर्जा में बदलेगा।
- **कंट्रोलर यूनिट:** पैनल से मिली ऊर्जा को बैटरी में जमा करेगा।
- **बैटरी:** ऊर्जा को स्टोर करेगी, जरूरत पड़ने पर मोटर को देगी।
- **मोटर:** बैटरी से मिली ऊर्जा से वाहन को गति देगी।

## हरिभूमि

**Page-2**

# मैनिटः शास्त्री और गांधी की जयंती मनाई



भोपाल। राजधानी स्थित मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी की 156वीं जयंती मनाई गई। शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) केके शुक्ला तथा डीन छात्र कल्याण प्रो. (डॉ.) शैलेन्द्र जैन के उद्बोधन से हुई। इसमें दोनों महान नेताओं के आदर्शों और उनके योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कैंपेन का समापन भी किया गया, जो कि 12 से 30 सितंबर तक परिसर एवं छात्रावास में मनाया गया। इसका नेतृत्व प्रो. (डॉ.) नवनीत मुनोठ ने अपने प्रभावशाली संबोधन के माध्यम से किया। उन्होंने स्वच्छता को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

**दैनिक भास्कर**

**Page- 8**

# मैनिट में शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग 10 से

सिटी रिपोर्टर • मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 10 से 14 अक्टूबर तक शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हुए नए डवलपमेंट और टेक्नोलॉजी अपग्रेड पर बात होगी। प्रशिक्षण में देशभर से शोधार्थी, रिसर्च स्कॉलर, फील्ड इंजीनियर और फैकल्टी मेंबर हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को आधुनिक निर्माण तकनीक, सतत विकास, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में आईआईटी, एनआईटी सहित देश-विदेश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से जुड़े विषय विशेषज्ञ तकनीकी सत्रों का हिस्स बनेंगे।